Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 25-07-2006

Participants : Chaudhary Shri Pankaj

an>

Title : Need for expansion and upgradation of Medical College in Gorakhpur, Uttar Pradesh.

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज, उ.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जनपद में स्थित मेडिकल कॉलेज काफी पुराना है किंतु इतने अधिक समय के बाद भी इस मेडिकल कॉलेज ने कोई प्रगति नहीं की है। समुचित चिकित्सा के अभाव में गंभीर रोगों के रोगियों को उपचार के लिये बाहर जाना पड़ता है जिससे निर्धन रोगियों का उपचार नहीं हो पाता क्योंकि वे धन के अभाव में दूर नहीं जा सकते। यद्यपि इस मेडिकल कॉलेज में पर्याप्त संख्या में भवन हैं और उनका उचित उपयोग कर इस कालेज का विस्तार किया जा सकता है तथा उपचार की उचित व्यवस्था की जा सकती है। गोरखपुर मेडिकल कालेज का व्यापक सर्वेक्षण केन्द्रीय स्तर पर कराया जाये तथा स्पाइनल इंजरी, कैंसर, हृदय, इंसेफालाइटिस आदि अनेक गंभीर रोगों का उपचार कराने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए इस मेडिकल कॉलेज का उन्नयन किया जाये।